Spraying Systems Co.®

North Avenue and Schmale Road, P.O. Box 7900
Wheaton, IL 60187-7901 USA
**Phone:** 630.665.5000 **Fax:** 630.260.0842
**spray.com**



**वैश्विक रिश्वत-विरोधी / भ्रष्टाचार-निरोधी नीति**



हम सत्यनिष्ठा और उच्चतम नैतिक मानकों के अनुसार व्यवसाय करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और कठोरता से किसी भी प्रकार की रिश्वत और भ्रष्टाचार को निषिद्ध करते हैं। यह नीति U.S. Foreign Corrupt Practices Act ("FCPA"), Canadian Corruption of Foreign Public Officials Act ("CFPOA"), U.K. Bribery Act ("UKBA") और दूसरे देशों में लागू इसके समान रिश्वत-विरोधी / भ्रष्टाचार-निरोधी कानूनों और विनियमों सहित लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन के अनुसार दुनिया भर के Spraying Systems Co. के उन सभी स्थानों और देशों में लागू होती है, जहां हम व्यवसाय करते हैं।

यह नीति घरेलू और विदेशी सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने के साथ-साथ निजी क्षेत्र (व्यावसायिक) में रिश्वत को सख्ती से रोकती है, जिसमें हमारे व्यवसाय से जुड़ी किसी भी गतिविधि के अनुचित कार्यप्रदर्शन को प्रेरित करने या प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी ग्राहक, व्यावसायिक भागीदार विक्रेता या अन्य तृतीय पक्ष को कुछ भी मूल्यवान वस्तु का प्रस्ताव देना, या देने का वादा करना, अधिकृत करना या प्रदान करना शामिल है।

इस नीति और सभी लागू कानूनों का उल्लंघन करने पर कठोर नागरिक और आपराधिक दंड मिल सकता है, जिसमें कारावास की सज़ा हो सकती है और परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, और नौकरी से भी निकाला जा सकता है।

**<u>सामान्य नीति अवलोकन</u>**

कंपनी की ओर से काम करने वाले कर्मचारियों और तृतीय पक्षों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से (अन्य पक्ष के माध्यम से) किसी को भी (सरकारी अधिकारी या निजी व्यक्ति/निकाय) को अनुचित व्यावसायिक लाभ पाने में कंपनी की सहायता करने के लिए अनुचित रूप से प्रभावित करने के लिए उन्हें कुछ भी मूल्यवान वस्तु देने, उसका भुगतान करने, देने का वादा करने, प्रस्ताव करने, अधिकृत करने या अन्यथा उसका भुगतान करने का प्रयास करने की मनाही है।

कुछ भी मूल्यवान वस्तु में निम्न शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है:

- व्यावसायिक अवसर
- नकद, नकद के समान कुछ भी (जैसे, गिफ़्ट कार्ड) या ऋण;
- अनुचित उपहार, भोजन, यात्रा और मनोरंजन के लिए भुगतान;
- सहायता, जिसमें रोज़गार या इंटर्नशिप की पेशकश करना भी शामिल है;
- तृतीय पक्ष से जुड़े या उसके द्वारा प्रायोजित धर्मार्थ संगठन में दान देना; या
- राजनीतिक सहयोग

North Avenue and Schmale Road, P.O. Box 7900
Wheaton, IL 60187-7901 USA
**Phone:** 630.665.5000 **Fax:** 630.260.0842
**spray.com**



निषिद्ध भुगतान किसी भी रूप में लिए जा सकते हैं, लेकिन आमतौर पर 'प्रतिदान' के रूप में लिए जाते हैं, जिसमें कुछ अनुचित फायदे या लाभ के बदले में "भुगतान" दिया जाता है।

निषिद्ध भुगतानों में ये शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- प्राप्तकर्ता को कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट देने के लिए राज़ी करना (भले ही कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट न मिलता हो);
- लाभदायक व्यवहार (जैसे, कर, कस्टम, अनुमति या लाइसेंस) प्राप्त करना, जो अन्यथा कंपनी के लिए उपलब्ध न हो; या
- कंपनी पर लागू कानूनों या विनियमों में गतिरोध पैदा करना या उन्हें अमल न करना।

कंपनी की ओर से काम करने वाले सभी कर्मचारियों और तृतीय पक्षों को व्यवसाय के संबंध में किसी भी प्रकार की रिश्वत, उपहार या रिश्वत मांगने या लेने की मनाही है। केवल प्रस्ताव को भी (स्वीकार करने पर) रिश्वत माना जा सकता है और भुगतान करने के लिए खुद के पैसे का इस्तेमाल नहीं किया सकता है, जो इस नीति के विरुद्ध है।

**<u>सरकारी अधिकारी</u>**

हालांकि यह नीति सभी व्यक्तियों के साथ होने वाले सौदों में, सार्वजनिक या निजी, सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत में भ्रष्टाचार के जोखिम को बढ़ावा देने वाली रिश्वत को निषिद्ध करती है।

सरकारी अधिकारियों को परिभाषित किया गया है, और इसमें ये शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है:

- कोई भी चुने हुए या नियुक्त राजनीतिक या सरकारी कार्यालय का अधिकारी;
- आधिकारिक क्षमता में कार्य करने वाला कोई भी सरकारी कर्मचारी या व्यक्ति (जो ज़िम्मेदारियाँ निभाने के लिए सरकार की ओर से प्राधिकार के प्रतिनिधि के तहत कार्य करता हो);
- कोई भी राजनीतिक दल, दल का अधिकारी या राजनीतिक कार्यालय का उम्मीदवार;
- शाही परिवार का कोई भी सदस्य;

Spraying Systems Co.®

North Avenue and Schmale Road, P.O. Box 7900
Wheaton, IL 60187-7901 USA
**Phone:** 630.665.5000 **Fax:** 630.260.0842
**spray.com**



- सार्वजनिक अंतरराष्ट्रीय संगठन जैसे कि वर्ल्ड बैंक, विश्व व्यापार संगठन या इस प्रकार के संगठन के किसी विभाग या एजेंसी का कोई अधिकारी या कर्मचारी;
- सरकार के स्वामित्व, आंशिक स्वामित्व वाली या उसके द्वारा नियंत्रित किसी भी कंपनी का कोई अधिकारी, प्रतिनिधि या कर्मचारी, जिसमें राज्य के स्वामित्व वाली या नियंत्रण वाली कंपनियों (कदाचित निजी निकाय, जिसमें कुछ हद तक सरकार का स्वामित्व या प्रभाव हो) के कर्मचारी शामिल हैं; और
- किसी भी सरकारी अधिकारियों के करीबी रिश्तेदार, जैसे कि जीवनसाथी, आश्रित या परिवार के करीबी सदस्य।

सरकारी अधिकारियों के साथ अनुचित कार्य की संभावना को रोकने के लिए नज़रअंदाज़ी करना ज़रूरी है। अगर यह स्पष्ट नहीं है कि निकाय सरकार के स्वामित्व या उसके द्वारा शासित है या नहीं, तो इस बात से अवगत रहना ज़रूरी है कि जो व्यक्ति स्थानीय कानून के तहत "अधिकारी" के रूप में वर्गीकृत नहीं है, उन्हें फिर भी लागू रिश्वत-विरोधी और/या भ्रष्टाचार-निरोधी कानून के तहत सरकारी अधिकारी माना जाएगा।

**<u>उपहार, भोजन, यात्रा और मनोरंजन</u>**

कोई भी अनुचित सहायता या लाभ के बदले में किसी को भी, विशेषकर सरकारी अधिकारियों को अनुचित रूप से प्रभावित करने के लिए उपहार, भोजन, यात्रा या मनोरंजन की सुविधा देने की अनुमति कभी नहीं दी जाती है। इसके अलावा, नकद या नकद के बराबर के उपहार, जैसे कि गिफ़्ट कार्ड देने की अनुमति कभी नहीं दी जाती है।

अगर नकद में न दिए जाने वाले उपहार, भोजन, यात्रा, मनोरंजन और प्रचार संबंधी अन्य खर्च किसी अनुचित उद्देश्य के लिए दिए गए हों, तो उन्हें रिश्वत माना जाएगा, कंपनी व्यावसायिक चर्चा करने के लिए उचित अवसर बनाने के लिए यथोचित आतिथ्य सेवा दे सकती है, लेकिन इसका उद्देश्य यह न हो कि पक्ष को कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए प्रेरित करने के लिए खर्च किया गया है।

उदाहरण के लिए, कंपनी प्रामाणिक आतिथ्य सेवा पर कुछ उपयुक्त राशि खर्च कर सकती है, जो (i) प्रत्यक्ष रूप से उत्पादों या सेवाओं के प्रचार, प्रदर्शन या निरूपण से संबंधित हो, जिसमें व्यावसायिक मामलों की चर्चा शामिल है, या (ii) कॉन्ट्रैक्ट निष्पादित करने या उस पर कार्य करने के दौरान खर्च किया गया हो। इसलिए उचित परिस्थितियों के अंतर्गत, स्वीकार्य खर्चों में कम कीमत के उपहार (जैसे कि कंपनी के ब्रांडेड प्रचार वाली वस्तुएँ या मौजूदा और नए व्यावसायिक संबंधों के लिए सम्मान और आदर स्वरूप में दिए जाने वाले टोकन), उपयुक्त रूप से भोजन और मनोरंजन की सुविधा देना, और कंपनी की ओर से प्रायोजित सामान्य यात्रा की सुविधा (जैसे कि कंपनी के मुख्यालयों और/या निर्माण कारखानों तक जाने की सुविधा) शामिल हो सकती है।

Spraying Systems Co.®

North Avenue and Schmale Road, P.O. Box 7900
Wheaton, IL 60187-7901 USA
**Phone:** 630.665.5000 **Fax:** 630.260.0842
spray.com



आतिथ्य सेवा की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते कि:

- इससे यह अपेक्षा न की जाए कि यह कोई फायदा या व्यावसायिक लाभ ("प्रतिदान") पाने के बदले में दी जा रही है;
- यह लागू परिस्थितियों के अंतर्गत कभी-कभार, साधारण और उचित राशि की हो;
- यह लागू कानून, स्थानीय रीति और व्यावसायिक व्यवहार के अनुरूप हो;
- इससे ऐसा न लगे कि प्राप्तकर्ता पर कोई दबाव बनाया जा रहा है;
- इसमें छुपाए बिना, बताकर खर्च करना चाहिए, और कंपनी की सभी लागू नीतियों के अनुसार कंपनी के बहीखातों और रिकॉर्ड में सटीक रूप से इसका खर्च लिखित में दर्ज होना चाहिए;
- जहां संभव हो, इसका भुगतान सीधे सेवा प्रदाता को करें और न कि प्राप्तकर्ता को, और यदि संभव न हो, तो फिर असली रसीदों के आधार पर ही इसके खर्च की भरपाई करें।
- यह वर्तमान या भावी क्लाइंट या सरकारी अधिकारियों के जीवनसाथियों, बच्चों या दूसरे करीबी रिश्तेदारों को तब तक नहीं दी जाती है, (जब तक कि Spraying Systems Co. के निदेशक मंडल से इसकी विशेष रूप से पहले स्वीकृति न ली जाए);
- इसे रिश्वत या इनाम के रूप में नहीं माना जा सकता है, या इसके कारण कंपनी को किसी भी तरह से कोई शर्मिंदगी न हो; और
- यह प्राप्तकर्ता द्वारा मांगी न गई हो।

अनुमेय आतिथ्य सेवा प्रदान करने के लिए कर्मचारी या तृतीय-पक्ष के प्रतिनिधि को पहले से लिखित में स्वीकृति लेनी चाहिए। आतिथ्य सेवा प्रदान करने के लिए पहले से स्वीकृति का अनुरोध न करने पर या स्वीकृति न लेने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें नौकरी से निकाला भी जा सकता है।

उपहार को रिश्वत माना जाए या नहीं, यह निर्धारित करने के लिए अतीत, वर्तमान या भविष्य के व्यावसायिक या व्यवस्थापकीय मामलों में उपहार देने के समय और स्थिति को भी ध्यान में रखा जा सकता है। उदाहरण के लिए, किसी स्थानीय खेल कार्यक्रम के टिकट को हमारे उत्पाद और सेवाओं के प्रचार के भाग के रूप में उचित माना जा सकता है, लेकिन अगर यह किसी सरकारी जांच के दौरान दिया जाता है, जहां कंपनी लाइसेंस की स्वीकृति मिलने की प्रतीक्षा में है, तो इसे अनुचित माना जा सकता है।

North Avenue and Schmale Road, P.O. Box 7900
Wheaton, IL 60187-7901 USA
**Phone:** 630.665.5000 **Fax:** 630.260.0842
**spray.com**



**राजनीतिक और धर्मार्थ योगदान**

कोई भी सहायता या लाभ पाने के बदले में राजनीतिक या धर्मार्थ योगदान देने की अनुमति कभी नहीं दी जाती है। भ्रष्ट व्यक्तियों द्वारा एक आम तरीका इस्तेमाल किया जाता है कि वे रिश्वत का भुगतान करने के लिए कंपनियों को राजनीतिक योगदान या धर्मार्थ योगदान करने को कहते हैं। गैर-अमेरिकी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के संबंध में अमेरिकी कानूनों के अलावा, FCPA गैर-अमेरिकी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को भ्रष्ट भुगतान देने से रोकता है। कई देशों में, स्थानीय कानून पूर्ण रूप से राजनीतिक दलों को भुगतान करने से रोकते हैं।

तृतीय पक्षों द्वारा किसी विशेष संगठन या व्यक्ति को योगदान देने का अनुरोध करना, संभावित रूप से भ्रष्टाचार की समस्या के लिए “खतरे का संकेत” होता है। ऐसे खतरे का संकेत दिखने पर कंपनी के मुख्य अनुपालन अधिकारी को तुरंत इसकी सूचना दें। नियम के अनुसार, Spraying Systems Co. तब तक कोई भी धर्मार्थ या राजनीतिक योगदान नहीं करती है, जब तक कि निदेशक मंडल के सदस्य ने लिखित में स्पष्ट रूप से इसकी स्वीकृति न दी हो।

**सरकारी अधिकारियों की सेवा लेना या उन्हें शामिल करना**

अधिकारी को अनुचित रूप से प्रभावित करने के लिए, या कोई भी अनुचित सहायता या लाभ पाने के लिए सरकारी अधिकारी, या उनके परिवार के करीबी सदस्यों से सेवा लेने या उन्हें शामिल करने की अनुमति कभी नहीं दी जाती है। जिन सेवाओं को वैध व्यावसायिक उद्देश्य हो, उन्हें करने के लिए कंपनी सरकारी अधिकारियों या उनके परिवार के करीबी सदस्यों की सेवा ले सकती है या उन्हें शामिल कर सकती है। कंपनी के मुख्य अनुपालन अधिकारी या निदेशक मंडल की पूर्व-लिखित अनुमति के बिना किसी भी सरकारी अधिकारी या सरकारी अधिकारी के रिश्तेदार से सेवा नहीं ली जा सकती है या कंपनी के लिए सेवाएं देने के लिए उन्हें शामिल नहीं किया जा सकता है।

**तृतीय पक्ष संबंध**

लागू भ्रष्टाचार-निरोधी कानून कंपनी द्वारा सीधे दिए जाने वाले भ्रष्ट भुगतानों या तृतीय पक्ष जैसे एजेंट, सलाहकार, वितरक या संयुक्त उद्यम भागीदार, जो कंपनी के लिए या उसकी तरफ से काम करते हैं, उनके द्वारा दिए जाने वाले भ्रष्ट भुगतानों को रोकते हैं। इसमें कंपनी की ओर से काम करने के लिए तृतीय पक्षों द्वारा नियुक्त किए गए सब-कांट्रैक्टर या सलाहकार भी शामिल हैं। चूंकि ये तृतीय पक्ष कंपनी की ओर से काम

North Avenue and Schmale Road, P.O. Box 7900
Wheaton, IL 60187-7901 USA
**Phone:** 630.665.5000 **Fax:** 630.260.0842
**spray.com**



करते हैं, इसलिए कुछ परिस्थितियों में उनके दुर्व्यवहार के लिए कंपनी को ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है। जो कार्रवाई कंपनी खुद कर सकती है, तृतीय पक्ष वह कार्रवाई नहीं कर सकती है और उसे करनी भी नहीं चाहिए।

सभी तृतीय-पक्ष संबंधों पर निम्न नियम लागू होते हैं:

- तृतीय पक्ष उन कार्यों को नहीं कर सकते हैं, जो इस नीति या कंपनी की अन्य नीतियों द्वारा निषिद्ध हैं;
- तृतीय पक्ष बिना बताए, कंपनी के मुख्य अनुपालन अधिकारी या निदेशक मंडल की पूर्व-लिखित स्वीकृति के बिना सरकारी अधिकारियों को कोई भी भुगतान करने के लिए अधिकृत नहीं होते हैं और सरकारी निकाय को किए गए किसी भी भुगतान के साथ एक आधिकारी सरकारी रसीद भी होनी चाहिए;
- जो कर्मचारी तृतीय पक्ष संबंधों के लिए ज़िम्मेदार हैं, उनके लिए आवश्यक है कि तृतीय पक्षों को जो कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है, उन्हें करने के लिए उनकी योग्यता को समझें और दस्तावेजीकृत करें, ताकि वे तृतीय पक्ष की गतिविधियों को अच्छी तरह समझ सकें और उन पर लगातार नज़र रख सकें और सुनिश्चित कर सकें कि उनके कार्य इस नीति के अनुरूप हैं;
- जो तृतीय पक्ष संबंधों के लिए ज़िम्मेदार हैं, वे कंपनी की अपेक्षाओं को कंपनी के तृतीय पक्षों को बताने के लिए भी ज़िम्मेदार हैं;
- तृतीय पक्षों को दिये जाने वाले कमीशन, प्रतिफल, भरपाई और अन्य भुगतान, प्रदान की गई सेवा के अनुसार व्यावहारिक और उचित होने चाहिए, और कंपनी के लेखांकन और वित्तीय विवरण में सही तरह से दर्शाए जाने चाहिए; और
- तृतीय पक्षों को भुगतान नकद में नहीं किया जा सकता है। अगर किसी परिस्थिति में बिना नकद का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, तो इसका कारण बताकर स्वीकृति की समीक्षा की जानी चाहिए और यह सही तरह से लिखित में होना चाहिए।

**भ्रष्टाचार जोखिम / खतरे का संकेत देने वाले कारक**

FCPA के तहत, अमेरिका के न्याय विभाग ने कुछ परिस्थितियाँ पहचानी हैं, जो भ्रष्टाचार के जोखिम का संकेत देती हैं या तृतीय पक्ष द्वारा अवैध भुगतान को जानने की वजह पता करने का सुझाव देती हैं। ऐसी परिस्थितियों को आमतौर पर "खतरे का संकेत" कहा जाता है। ज़रूरी नहीं है कि खतरे के संकेत का यह अर्थ हो कि संबंध आगे नहीं बढ़ सकते हैं, लेकिन संभावित उल्लंघनों से बचने के लिए जांच और सुरक्षा आवश्यक हो सकती है।

Spraying Systems Co.®

North Avenue and Schmale Road, P.O. Box 7900
Wheaton, IL 60187-7901 USA
**Phone:** 630.665.5000 **Fax:** 630.260.0842
**spray.com**



तृतीय पक्षों का चुनाव करते समय या उनके साथ काम करते समय आगे की जांच का आश्वासन देने वाले खतरे के संकेत भिन्न होते हैं। कुछ उदाहरणों में ये शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- लेनदेन में एक ऐसा देश शामिल होना, जो भ्रष्ट भुगतानों के लिए जाना जाता है;
- तृतीय पक्ष का सरकारी अधिकारी के साथ करीबी पारिवारिक, निजी या पेशेवर संबंध होना या वह अधिकारी का रिश्तेदार होना;
- तृतीय-पक्ष का कंपनी के अनुबंधों में रिश्वत-विरोधी वर्णन पर आपत्ति जताना;
- तृतीय पक्ष के लेखांकन रिकॉर्ड में पारदर्शिता नहीं होना;
- तृतीय पक्ष द्वारा असामान्य संविदा शर्तों या भुगतान व्यवस्था का अनुरोध करना, जिसके कारण स्थानीय कानूनी समस्याएँ उत्पन्न हों, जैसे कि नकद भुगतान, किसी दूसरे देश की मुद्रा में भुगतान या किसी तीसरे देश में भुगतान करने को कहना;
- कड़ी निगरानी में यह खुलासा होना कि तृतीय पक्ष एक शेल कंपनी है और इसकी कॉर्पोरेट संरचना कुछ अपरंपरागत है;
- तृतीय पक्ष का कमीशन या शुल्क, “वर्तमान दर” से अधिक होना।

आमतौर पर, कोई भी तथ्य इस बात पर सवाल उठाता है कि तृतीय-पक्ष उचित बाज़ार कीमत पर ज़रूरी सेवा दे रहा है या नहीं, वह खतरे का संकेत होता है। यदि नियुक्त संबंध का स्वामी यह विश्वास खो देता है कि तृतीय-पक्ष कंपनी के मानकों के अनुरूप कार्य करेगा या संभावित रूप से अनुचित व्यवहार दर्शाने वाले “खतरे के संकेत” देखता है, तो संबंध स्वामी को आगे की कार्रवाई और कानूनी सलाह की समीक्षा के लिए अपनी चिंता कंपनी के मुख्य अनुपालन अधिकारी, मानव संसाधन, वरिष्ठ प्रबंधन या निदेशक मंडल को बतानी चाहिए।

यदि किसी कर्मचारी या संबंध स्वामी को पता चलता है कि कोई तृतीय पक्ष कंपनी की तरह से किसी सरकारी अधिकारी, अन्यथा किसी विदेशी (गैर-अमेरिकी) व्यक्ति या निकाय से संपर्क कर सकता है, तो उन्हें समीक्षा के लिए समस्या की शिकायत तुरंत करनी चाहिए। कंपनी के मुख्य अनुपालन अधिकारी, मानव संसाधन, वरिष्ठ प्रबंधन या कंपनी के निदेशक मंडल, कानूनी सलाह की सहायता से निर्धारित करेंगे कि किसी भी तृतीय पक्ष को सम्यक तत्परता की प्रश्नावली पूरी करने पर, बिना किसी सीमा के किस स्तर की सम्यक तत्परता की ज़रूरत है। इस समीक्षा के दौरान उत्पन्न हुई किसी भी समस्या पर ध्यान देना चाहिए और कानूनी सलाह के निर्देश की संतुष्टि के अनुसार उसका समाधान होना चाहिए।

Spraying Systems Co.®

North Avenue and Schmale Road, P.O. Box 7900
Wheaton, IL 60187-7901 USA
**Phone:** 630.665.5000 **Fax:** 630.260.0842
**spray.com**



एक बार किसी एजेंट या सलाहकार को कंपनी रख लेती है, तो संबंध स्वामी को लागू लेखांकन और वित्तीय रिकॉर्ड के अनुसार उसकी गतिविधियों और व्ययों पर नज़र रखनी चाहिए और उसका लिखित प्रमाण रखना चाहिए, ताकि लागू भ्रष्टाचार-निरोधी कानून और इस नीति के अनुसार सतत अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

**रिकॉर्ड रखना और लेखा परीक्षण**

कंपनी के रिकॉर्ड और वित्तीय विवरणों में सभी व्यय सटीक और पूर्ण रूप से बताए जाने चाहिए और सही तरह से उसका विवरण होना चाहिए। कर्मचारियों को कंपनी की अनुपालन, व्यय और लेखांकन नीतियों के अनुसार, भुगतान अधिकृत करने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए, केवल वास्तव में किए गए कार्य के वैध इनवॉइस का ही भुगतान करना चाहिए और जो व्यय असामान्य, अधिक, अपर्याप्त रूप से बताए गए हों, जिनका लिखित रूप से अपर्याप्त प्रमाण हो, या जिसकी वैधता पर प्रश्नचिह्न हो, उन व्ययों का भुगतान कभी अधिकृत नहीं करना चाहिए।

कंपनी के ऑडिटर से स्वतंत्र रूप से और कंपनी के निर्दिष्ट अधिकारियों और कानूनी सलाह के साथ कार्य करने की अपेक्षा की जाती है और ज़रूरत पड़ने पर उन्हें इस नीति के प्रयोग से जुड़े कोई भी प्रश्नों को स्पष्ट करना चाहिए।

**उल्लंघनों की शिकायत करना और गैर-प्रतिशोध**

सभी कर्मचारियों और तृतीय पक्षों को इस नीति या भ्रष्टाचार-निरोधी कानूनों के किसी भी संभावित उल्लंघन की जानकारी या संदेह होने पर, उन्हें तुरंत इसकी शिकायत कंपनी के मुख्य अनुपालन अधिकारी, मानव संसाधन, वरिष्ठ प्रबंधन या निदेशक मंडल के किसी सदस्य को करनी चाहिए।

जो कर्मचारी नेकनीयत से नीति या कानून के संभावित या वास्तविक उल्लंघनों की शिकायत करता है, Spraying Systems Co. उस कर्मचारी के खिलाफ़ किसी भी प्रकार के बदले को सख्ती से रोकती है। प्रत्येक कर्मचारी को सह-कर्मियों, पर्यवेक्षकों या वरिष्ठ प्रबंधन से सज़ा पाने या उत्पीड़न होने के डर से मुक्त होकर नीति संबंधी समस्याओं को नेकनीयत से संबोधित करने का अधिकार है। कंपनी नैतिक और पेशेवर मानकों के लिए प्रतिबद्धता का आदर करती है और सभी सूचनाओं को विनम्रता और विवेक से संसाधित किया जाएगा। कंपनी अनाम रखने के अनुरोध का सम्मान करेगी, सिवाय इसके कि कानून के अनुसार ज़रूरत पड़ने पर वह इसे जाहिर करेगी।

North Avenue and Schmale Road, P.O. Box 7900
Wheaton, IL 60187-7901 USA
**Phone:** 630.665.5000 **Fax:** 630.260.0842
**spray.com**



**इस नीति और/या भ्रष्टाचार-निरोधी कानूनों का संभावित उल्लंघन होने पर पूरी तरह से जांच की जाएगी। इन नीतियों या कानूनों का उल्लंघन करते हुए कोई व्यक्ति पाया जाता है, तो उसके खिलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी और उसे नौकरी तक से निकाला जा सकता है। अगर उल्लंघन के कारण कंपनी को वित्तीय रूप से नुकसान होगा, प्रतिष्ठा या भविष्य के व्यावसायिक सौदों में नुकसान होगा, तो कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।**

**इस नीति के ज्ञात उल्लंघन या संदिग्ध उल्लंघन की शिकायत न करने पर इसे मनमाना उल्लंघन समझा जाएगा, जिस पर जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।**